रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर

क्रमांक/परीक्षा/2026/2485 जबलपुर दिनांक 18/05/2026

संशोधित अधिसूचना

अधिसूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय से संबंद्ध समस्त जिलों के महाविद्यालयों में सत्र 2025–26 की वार्षिक पद्धति नई शिक्षा नीति के बी.ए./बी.काम./बी.एससी./बी.बी.ए./बी.सी.ए./बी.बी.ए. होटल मैनेजमेंट/बी.एच. एससी. एवं बी.ए.जेएम.सी. प्रथम वर्ष महाविद्यालयों एवं शिक्षण विभाग में नियमित प्रवेशित छात्र/छात्राओं के मार्च–अप्रैल, 2026 के परीक्षा आवेदन पत्र एम.पी. आनलाईन पोर्टल के माध्यम से भराये जाने की तिथि निम्नानुसार घोषित की जाती है, यथा :–

तिथि एवं शुल्क का विवरण :–

आन लाईन आवेदन पत्र जमा करने की तिथि	05.05.2026 से 23.05.2026 तक
विलंब शुल्क 100/– के साथ	25.05.2026 तक
विलंब शुल्क 750/– के साथ	27.05.2026 तक

परीक्षा प्रारंभ होने के सात दिवस पहले से एवं परीक्षा तिथि से एक दिवस पूर्व तक विशेष विलंब शुल्क 2000/– देय होगी ।

परीक्षा शुल्क का विवरणः–	नियमित छात्र	पूरक द्वितीय अवसर	भूतपूर्व छात्र
01. बी.ए./बी.काम. प्रथम वर्ष	2575/–	1685/–	2575/–
02. बी.एससी./बी.एच.एससी. प्रथम वर्ष	2685/–	1795/–	2685/–
03. बी.बी.ए./बी.सी.ए. प्रथम वर्ष	3630/–	2485/–	3630/–
04. बी.ए.जेएम.सी. प्रथम वर्ष	2335/–	1665/–	2335/–
05. बी.बी.ए. होटल मैनेजमेंट प्रथम वर्ष	3630/–	2485/–	3630/–

नोट – नवीन शिक्षा पद्धति के परीक्षा आवेदन पत्र भराने की प्रक्रिया इस प्रकार रहेगी ।

1. उच्च शिक्षा म.प्र. शासन के निर्देशानुसार परीक्षा आवेदन पत्र अप्रूवल करने के पूर्व यदि छात्र के MDC विषय सही नहीं भरे गये है तो महाविद्यालय अपने स्तर पर सुधार कर ही छात्र/छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र अप्रूवल करना सुनिश्चित करें ।
2. छात्र/छात्राओं का परीक्षा आवेदन पत्र अप्रूवल करने हेतु प्रत्येक छात्र के पृथक–पृथक एप्लीकेशन आईडी से परीक्षा फार्म अप्रूवल करने के पूर्व महाविद्यालय यह सुनिश्चित करे की छात्र/छात्रा का MDC विषय सही है कि नहीं परीक्षण करने के उपरांत ही परीक्षा आवेदन पत्र अप्रूवल करना सुनिश्चित करें ।
3. छात्र/छात्राओं के विषय परीक्षण पश्चात् ही परीक्षा आवेदन पत्र अप्रूवल करें ।

1. महाविद्यालय/विभाग अपने यहां प्रत्येक प्रवेशित छात्रों के परीक्षा संचालन शुल्क 300/–रूपये एवं अग्रेषण शुल्क 50/– रूपये कुल 350/– रूपये महाविद्यालय स्तर पर जमा करवायेगा। तथा परीक्षा संचालन शुल्क 300/– रू. में से 200/– रू. निर्धारित परीक्षा केन्द्र में अनिवार्य रूप जमा करायेंगे एवं 100/– रू. महाविद्यालय प्रयोगिक परीक्षाओं हेतु व्यय करेंगा।
2. छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त नामांकन नम्बर के आधार पर एम.पी.आनलाईन के क्योस्क के माध्यम से उपर उल्लेखित निर्धारित शुल्क का भुगतान कर परीक्षा आवेदन पत्र जमा कर सकेंगे तथा online आवेदन की हार्ड कापी पूर्व परीक्षा की अंकसूची के साथ महाविद्यालय में जमा करें।

3. महाविद्यालय/विभागाध्यक्ष छात्र/छात्राओं की पात्रता निर्धारण करते हुए आनलाईन परीक्षा आवेदन पत्रों को अपने स्तर पर अनुमोदित (Approvel) करेंगे तथा सूची के साथ हार्ड कापी एवं मूल प्रमाणपत्रों की छायाप्रति के साथ विश्वविद्यालय में दिनांक 28 मई 2026 तक आवश्यक रूप से संबंधित कार्य सहायकों के पास जमा करेंगे। अंतिम तिथि के पश्चात् रू0 100/– विलंब शुल्क देय होगा ।

विभागाध्यक्ष/प्राचार्य/विद्यार्थियो के लिए आवश्यक निर्देश :–

विश्वविद्यालय से संबंद्ध समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यो को सूचित है कि आपके महाविद्यालय/विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग में एवं अध्ययनरत् समस्त विद्यार्थियों को **ABC (Acadmic Bank of credit** एवं **Swayam Portal)** पर रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है ।

रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात् छात्र/छात्राओं को प्राप्त आई.डी. नम्बर को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर की वेबसाइट **rdvv.mponline.gov.in** की **ABC (Acadmic Bank of credit** एवं **Swayam Link)** पर अपडेट करना भी अनिवार्य है । उसके पश्चात् ही छात्र/छात्राए परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेंगें ।

आदेशानुसार,

परीक्षा नियंत्रक
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,जबलपुर

पृ.क./परीक्षा/2026/2485 'अ' जबलपुर दिनांक 18/05/2026

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत :–

1. प्राचार्य समस्त संबंद्ध महाविद्यालय रा.दु.वि.वि. जबलपुर।
2. नोडल अधिकारी एम.पी.आनलाइन रा.दु.वि.वि.जबलपुर
3. माननीय कुलपतिजी/कुलसचिवजी के निजी सहायक रा.दु.वि.वि. जबलपुर।
4. प्रभारी कम्प्यूटर केन्द्र विश्वविद्यालय बेबसाईट पर अपलोड करे।
5. सुदृढ कक्ष/विश्वविद्यालय प्रेस/समस्त कार्यसहायक(परीक्षा) रा.दु.वि.वि. जबलपुर।

परीक्षा नियंत्रक
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,जबलपुर